Regarding need for construction of dilapidated Lalganj- Nihamabad road in Azamgarh

श्री दरोगा प्रसाद सरोज **(लालगंज):** अध्यक्ष जी, धन्यवाद ।

अध्यक्ष जी, आपकी अनुमति से आज मैं अपने संसदीय क्षेत्र लालगंज जनपद आजमगढ़ की एक अत्यंत गंभीर और वर्षों से उपेक्षित समस्या को इस सदन के माध्यम से केंद्र सरकार के समक्ष रखना चाहता हूं ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र लालगंज की विधान सभा निजामाबाद में भदोली पुल से आगे निजामाबाद पुल तक व मिर्जापुर ब्लॉक के पास से जहीरपुर, लाहिड़ीहा बाजार होते हुए माहुल और फूलपुर तक जाने वाला यह प्रमुख मार्ग इस क्षेत्र की जीवन रेखा है ।

महोदय, लाखों लोगों के आवागमन, व्यापार, कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा की पहुँच इसी सड़क पर निर्भर है, लेकिन दुर्भाग्य से यह मार्ग लंबे समय से अत्यंत जर्जर और खतरनाक स्थिति में है । वर्षा के मौसम में इस मार्ग की स्थिति और भी भयावह हो जाती है । सड़क के बड़े हिस्से जलभराव से भर जाते हैं और कई स्थानों पर यह सड़क नदी-नाले का रूप ले लेती है । गड्ढों में भरे पानी से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है । एम्बुलेंस, स्कूली वाहन, किसानों की गाड़ियाँ, सबकी आवाजाही गंभीर रूप से प्रभावित होती है । कई ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क लगभग कट जाता है । यह स्थिति जनता की सुरक्षा, सम्मान और उनके मूल जीवन के अधिकारों पर सीधा आघात है । (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** श्री के. सुधाकर ।

(व्यवधान)

श्री दरोगा प्रसाद सरोज**:** मैंने इस मार्ग के निर्माण एवं पुनर्निर्माण के लिए कई बार प्रदेश सरकार तथा केंद्र सरकार को पत्र लिखा । विभागीय अधिकारियों से निरंतर कई बार मेरे द्वारा संवाद किया गया । जनता ने भी कई बार धरना-प्रदर्शन कर अपनी पीड़ा सरकार तक पहुँचाई, परंतु आज तक न तो स्वीकृति मिली, न ही किसी प्रकार के निर्माण कार्य की शुरुआत हो पाई । यह उदासीनता क्षेत्र के विकास को ठहराव की ओर ले जा रही है ।

अतः मैं केंद्र सरकार से दृढ़तापूर्वक आग्रह करता हूँ कि इस अत्यंत महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण की तत्काल स्वीकृति प्रदान की जाए ।